कार्यालय नगर परिषद् नागौर

न्यूज लेटर

नगरपरिषद् ,नागौर द्वारा माह अप्रेल 2016 मे निम्नलिखित विकास कार्य करवाये गये

नगरपरिषद् क्षेत्र मे विभिन्न स्थानों/वार्डों मे सड़क निर्माण/मरम्मत कार्य करवाये गये जिनमे वार्ड संख्या 10 से 18 तक, वार्ड संख्या 28 से 36 तक, भार्गव मौहल्ला मे डामर सड़क निर्माण कार्य, रोड़ाराम ऐटीओ के मकान से कानसिंह के मकान तक इंटरलोकिंग सड़क कार्य करवाये गये। वार्ड संख्या 19 से 27 तक, वार्ड संख्या 1 से 9 तक, वार्ड संख्या 28 से 36 तक नाला रिपेयेर कार्य करवाये गये। टीबी हॉस्पीटल मे फ्लश शौचालय का निर्माण कार्य करवाया गया। साथ ही शहर के ऐतिहासिक तालाबों गिनाणी तालाब, बख्तासागर तालाब मे खुदाई का कार्य भी किया गया

श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय,नागौर द्वारा श्रीमान् तहसीलदार नागौर के नेतृत्व मे अतिक्रमण हटाओं दस्ते का गठन किया हुआ है जिसको नगरपरिषद् की जेसीबी एवं श्रम उपलब्ध करवाये। नगरपरिषद् के सफाई निरीक्षक भी इस दस्ते मे शामिल है। राजस्व क्षेत्र के 8 अतिक्रमण हटाये गये। नगरपरिषद् क्षेत्र से भी 1 अतिक्रमण हटाया गया।

जागृति अभियान के अन्तर्गत स्कूलों से संकलित एवं नगरपरिषद् क्षेत्र से जब्त पॉलिथीन कैरी बैग्स का निस्तारण एक झांकीक के रूप मे निकालते हुए किया गया। श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय द्वारा हरि झंडी दिखाकर झांकी निकाली गई।